Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of film city in Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। बॉलीवुड में जिस तरह से ड्रग्स कारोबार में नित नए-नए और बड़े-बड़े नाम उजागर हो रहे हैं तो यह केवल महाराष्ट्र की समस्या नहीं है, अपितु पूरे देश की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। चूंकि हमारा कुशीनगर क्षेत्र नेपाल सीमा से लगा हुआ है, पाकिस्तानी ड्रग्स बॉलीवुड तक पहुंच सके, इसके लिए हमारी भूमि का उपयोग किया जा सकता है। हमारी भूमि के प्रतिभावान युवाओं को पथभ्रष्ट किया जा सकता है। हमारे उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कल लिए गए साहसिक निर्णय का मैं हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रतिभावान युवा कई वर्षों से जिस तरह अपनी कला को विकसित करने का लक्ष्य लेकर बॉलीवुड पहुंचते रहे हैं और अपने को शोषित करने का मार्ग प्रशस्त करते रहे। वहां न केवल उनकी कला को बल्कि उनके अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश में ड्रग्स के करोबार में धकेलने का कार्य किया गया। इसी नाते पूज्य योगी आदित्य नाथ जी महाराज ने घोषणा की कि देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की धरती पर होगा।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रतिभावान युवा अब अपनी कला को विकसित करने का लक्ष्य लेकर उसे बॉलीवुड में नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निर्माणाधीन बॉलीवुड पर अपनी कला को निखारने का कार्य करेंगे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रवि किशन, श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री सी.पी. जोशी को श्री विजय कुमार दूबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।